# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

विकास पथ, गाजियाबाद।

(I.S.O. 9001:2015 एवं I.S.O. 14001:2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांकः 80 /व्यव0अनु0/2026 दिनांक 15/9/26

सेवा में,

**शाखा प्रबन्धक,**
एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0
आर0डी0सी0 राजनगर, गाजियाबाद।

**विषयः प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित नीलामी दिनांक 30–09–2026 हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑफलाइन आवेदन विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) विक्रय/जमा कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक प्राधिकरण की अनिस्तारित/रिक्त सम्पत्तियों का विक्रय नीलामी के माध्यम से किये जाने हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑफलाइन आवेदन आपके बैंक की शाखा द्वारा जन सामान्य/आवेदकों को दिनांक 14–09–2026 से 25–09–2026 तक पूर्व निर्धारित शुल्क पर ऑनलाइन/ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन/आवेदन विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) विक्रय/जमा कराये जाने हेतु पूर्व में जारी कार्यालय पत्र संख्या–840/व्यव0अनु0/2026 दिनांक 11–09–2026 के साथ संलग्न सूची में अंकित सम्पत्तियों के अतिरिक्त 03 सम्पत्तियां सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त की गयी है। प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30–09–2026 को प्रस्तावित सम्पत्तियों की संशोधित सूची पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः उपरोक्तानुसार दिनांक 30–09–2026 की नीलामी में प्रस्तावित सम्पत्तियों की संलग्न संशोधित सूची के अनुसार निर्धारित तिथि 25–09–2026 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑफलाइन आवेदन विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) विक्रय/जमा कराने के साथ–साथ नीलामी आयोजन हेतु लोहियानगर, गाजियाबाद स्थित हिन्दी भवन में समुचित व्यवस्था कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

**(प्रदीप कुमार सिंह)**
अपर सचिव

पृष्ठांकनः /व्यव0अनु0/2026 दिनांकः

प्रतिलिपिः

1. उपाध्यक्ष महोदय, को सादर अवलोकनार्थ।
2. सचिव महोदय, को सूचनार्थ।
3. प्रभारी व्यवसायिक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. कम्प्यूटर प्रभारी को इस आशय के साथ कि संलग्न संशोधित सूची के अनुसार दिनांक 30–09–2026 को प्रस्तावित नीलामी से सम्बन्धित सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

**अपर सचिव**

कार्यालय पताः-निकट पुराना बस स्टैण्ड, विकास पथ मार्ग, गाजियाबाद। वेब साईटः www.gdaghaziabad.in
E-mail : gdaghazizbad@gmail.com

# गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण

**(ISO 9001:2015 एवं ISO 14001:2015 प्रमाणित संस्था)**

**विकास पथ, गाज़ियाबाद**

पत्रांक 79/व्यव0/अनु0/2026 दिनांक: 15.09.2026

## दिनांक 30–09–2026 हेतु संशोधित नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12–09–2026 को समाचार–पत्रों में प्रकाशित सम्पत्तियों के अतिरिक्त दिनांक 30–09–2026 को प्रस्तावित नीलामी सूची में मधुबन बापूधाम योजना की निम्न सम्पत्तियां सम्मिलित की गयी है:–

| क्र. सं. | योजना का नाम | सम्पत्ति का प्रकार | सम्पत्ति संख्या | क्षेत्रफल (वर्ग मी.) | आरक्षित दर (₹ प्रति वर्गमी.) | आरक्षित मूल्य (₹ लाख में) | धरोहर राशि (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | मधुबन बापूधाम पॉकेट–ए० | मिक्स लैण्ड यूज भूखण्ड | AM–6 | 4547.00 | 70000.00 | 3182.90 | 318.29 |
| 2. | मधुबन बापूधाम पॉकेट–बी० | फैसलिटी भूखण्ड | BF–1 | 1215.00 | 52500.00 | 637.88 | 63.79 |
| 3. | मधुबन बापूधाम पॉकेट–डी० | ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड | D/GH–1 | 37414.00 | 52500.00 | 19642.35 | 1964.24 |

**नोट: उपरोक्त तालिका के क्रमांक–3 पर अंकित सम्पत्ति का क्षेत्रफल 37,414.00 वर्ग मी० में से कुछ भाग मा० उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से प्रभावित है, जिसके कारण विक्रय उपरान्त प्रश्नगत भूखण्ड का अंतिम क्षेत्रफल घट–बढ़ सकता है।**

पूर्व विज्ञापित सम्पत्तियों के अतिरिक्त उपरोक्त सम्पत्तियों के सापेक्ष नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु प्राधिकरण की वेबसाईट **www.gdaghaziabad.in** पर दिनांक 25–09–2026 तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आमंत्रित किये जायेगें तथा ऑफलाइन आवेदन हेतु एच०डी०एफ०सी० बैंक लि० की मुख्य शाखा–आर०डी०सी० राजनगर, जनपद–गाजियाबाद से निर्धारित शुल्क जमा कराकर आवेदन विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) प्राप्त/जमा किये जाने है, जिसके अनुसार प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30–09–2026 को प्रस्तावित सम्पत्तियों की नीलामी लोहियानगर, गाजियाबाद स्थित हिन्दी भवन में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित की जायेगी।

ई–मेल **helplinegda@gmail.com, Twitter@gdagzb:facebook@gdagzb**

हेल्पलाईन नं0 0120–4418384 व्हाट्सएप: 9990988004

वेबसाईट – **www.gdaghaziabad.in**

अपर सचिव

**ई–मेल: helplinegda@gmail.com, f : @gdagzb, t : @gdagzb**

**हैल्पलाईन: 0120–3342433/व्हाट्सैप नं: 9818988807, वेबसाईट: www.gdaghaziabad.in**

**एक सुन्दर शहर........ हमारा संकल्प**